भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3440

दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता

†3440. श्री रामप्रीत मंडल

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता दिलाने के लिए क्या पहल की जा रही है;

(ख) क्या चीन द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उक्त स्थायी सदस्यता का कभी भी समर्थन नहीं किए जाने की संभावना है; और

(ग) क्या भारत मौजूदा परिस्थितियों में कोई और पहल करने पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग) भारत सरकार, विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत के लिए स्थायी सदस्यता हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारत इस मुद्दे को लगातार द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तरों पर, और उच्चतम स्तरों सहित विभिन्न स्तरों पर उठाता रहा है। इस संबंध में भारत का संपर्क यूएनएससी के सभी पांच स्थायी सदस्यों सहित कई देशों के साथ रहा है।

यूएनएससी के विस्तार के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन की आवश्यकता है। भारत का दृढ़ विश्वास है कि उसके पास एक ऐसे सुधारे गए और विस्तारित यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने की सभी योग्यताएं हैं, जो समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाती हैं।

भारत लगातार इस बात पर ज़ोर देता रहा है कि विस्तारित और सुधारे गए यूएनएससी में स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार किया जाए और विकासशील देशों – विशेषकर 'ग्लोबल साउथ' – को अधिक प्रतिनिधित्व मिले। भारत स्पष्ट समय–सीमा और लक्ष्यों के साथ पाठ–आधारित बातचीत जल्द शुरू करने की भी बात करता रहा है।

*****